**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3065**
**13 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**नए चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थिति**

**3065. श्री प्रदीप पुरोहित:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने वर्ष 2014 में आरंभ की गई केंद्र प्रायोजित योजना "वर्तमान जिला/रेफरल अस्पतालों से जुड़े नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना' के अंतर्गत ओडिशा के बारगढ़ और झारसुगुड़ा जिलों में नए चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित करने हेतु कोई कदम उठाए हैं;
(ख) यदि हां, तो इन दो जिलों हेतु प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है और इन महाविद्यालयों की अवसंरचना, वित्तपोषण आवंटन और इनके निर्माण और प्रचालन में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है;
(ग) बारगढ़ और झारसुगुड़ा में उक्त योजना के कार्यान्वयन में भूमि की उपलब्धता, वित्तीय बाधाओं अथवा केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय जैसी पेश आ रही चुनौतियों का ब्यौरा क्या है; और
(घ) सरकार द्वारा राज्य में इन चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना में तेजी लाने और इसका समयबद्ध कार्यकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित उपायों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क) से (घ): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय 'मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से जुड़े नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना' के लिए एक केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) का संचालन करता है, जिसमें वंचित क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों, जहाँ कोई मौजूदा सरकारी या निजी मेडिकल कॉलेज नहीं है, को प्राथमिकता दी जाती है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच निधि साझाकरण प्रणाली पूर्वोत्तर और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए 90:10 के अनुपात में और अन्य के लिए 60:40 के अनुपात में है। इस योजना के तहत, ओडिशा में 07 मेडिकल कॉलेज (चरण-**I** में बालासोर, बारीपदा (मयूरभंज), बोलनगीर, कोरापुट, पुरी, चरण-**II** में जाजपुर और चरण-**III** में कालाहांडी) को अनुमोदित किया गया है। ये सभी मेडिकल कॉलेज संचालनरत हैं।

*********